## बिहार में स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए उद्योग विभाग पूरी तरह से प्रतिब : नितीश मिश्रा

# आइडिया लाइए और रोजगार पाइए...

PIC: DAINIK JAGRAN-INEXT



पीसी करते हुए मंत्री नितीश मिश्रा व अन्य.

### बेहतर आइडिया को उद्योग विभाग बिहार स्टार्टअप नीति से देगा सहयोग

patna@inext.co.in

**PATNA (13 June):** बिहार सरकार के उद्योग विभाग ने फ्राइडे को एक नई और महत्वाकांक्षी योजना की शुरुआत की है. इसके तहत राज्य के 38 जिलों में 10,000 नए स्टार्टअप्स की पहचान, उन्हें सपोर्ट करने और आगे बढ़ाने की योजना है. इसका मकसद है कि बिहार के सभी जिलों में हर उम्र के लोगों की प्रतिभा को पहचानकर उन्हें आगे बढ़ने का मौका दिया जाए. इस पहल का नाम 'बिहार आइडिया फेस्टिवल' रखा गया है, जो अगले 45 दिनों तक चलेगा. इस दौरान प्रतिभागियों को जिला स्तर पर चुना जाएगा. इस कार्यक्रम की शुरुआत पटना स्थित बी-हब से की गई.

### 1 लाख आइडिया की तलाश

बिहार आइडिया यात्रा 45 दिनों की एक गतिशील और सघन यात्रा होगी, जो सभी 38 जिलों में जाकर नवाचार की खोज करेगी. इस दौरान एक विशेष स्टार्टअप डिस्कवरी बस यात्रा निकाली जाएगी जो कालेजों, कारीगर समूहों, महिला उद्यमियों और ग्रामीण युवाओं से संवाद करेगी. इस यात्रा का उद्देश्य है 10,000 संभावित स्टार्टअप्स को तैयार करना और एक लाख से अधिक विचारों को पहचानना है. सीआइएमपी-बीआइआइएफ इस अभियान का नेतृत्व करेगा और जिला स्तर पर स्टार्टअप सेल, डीआइसी, एमएसएमइ और केवीआइसी के साथ समन्वय करेगा. वहीं, योरस्टोरी न केवल इस अभियान को राष्ट्रीय मंच देगा, बल्कि 50 हाइ-पोटेंशियल स्टार्टअप्स की कहानियों को डिजिटल माध्यम से देश-दुनिया तक पहुंचायेगा.

### मैनेजमेंट व योरस्टोरी की साझेदारी

इस पहल में चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट और योरस्टोरी की साझेदारी है. यह योरस्टोरी की खास पहल 'द भारत प्रोजेक्ट' का हिस्सा है. इसका मकसद है कि देश के हर युवा और उद्यमी को जरूरी संसाधन और मंच मिल सके, चाहे वह किसी भी शहर, गांव या सामाजिक पृष्ठभूमि से आता हो.इस मौके पर बिहार के उद्योग मंत्री नितीश मिश्रा भी मौजूद थे. उन्होंने कहा, बिहार में स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए उद्योग विभाग पूरी तरह से प्रतिबद्ध है. हमारे प्रयासों से स्टार्टअप्स को सीधे तौर पर लाभ मिल रहा है. 'बिहार आइडिया फेस्टिवल' नए बिहार की शुरुआत का संकेत है. यह केवल स्टार्टअप्स की बात नहीं है, बल्कि बड़े पैमाने पर लोगों की महत्वाकांक्षाओं को आगे लाने की कोशिश है.

### हर गांव के स्टार्टअप को मिलेगा सपोर्ट

बिहार आईडिया फेस्टिवल के तहत स्टार्टअप्स को इन्क्यूबेशन, मेंटरशिप और डिजिटल संसाधनों तक पहुंच दी जाएगी. इसके साथ ही 38 जिलों में स्टार्टअप बस यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें 1 लाख से ज्यादा शुरुआती स्तर के बिज़नेस आइडियाज़ जुटाने का लक्ष्य है. सीआईएमपी की बीआइआइएफ संस्था स्टार्टअप्स को अकादमिक और इन्क्यूबेशन सपोर्ट देगी. जिले स्तर पर उद्योग केंद्र, एमएसएमई ऑफिस और लोकल नेटवर्क्स लोगों को जोड़ने का काम करेंगे. योरस्टोरी इन स्टार्टअप्स की कहानियों को सामने लाकर उन्हें पहचान देने, इन्वेस्टर कनेक्ट और पार्टनरशिप का मौका देगा. इस पहल के तहत एक 'बिहार स्टार्टअप क्रांति फेस्टिवल' भी आयोजित होगा, जिसमें राज्य के उभरते हुए फाउंडर्स और इन्वेस्टर्स को एक मंच पर लाया जाएगा. योरस्टोरी और द भारत प्रोजेक्ट की फाउंडर श्रद्धा शर्मा, जिन्हें सीआईएमपी में औपचारिक रूप से मेंटर नियुक्त किया गया है. श्रद्धा शर्मा ने कहा की यह पहल इस सोच में बड़ा बदलाव है कि भारत में कौन उद्यमी बन सकता है. बिहार के इनोवेटर्स को दान नहीं चाहिए, उन्हें प्लेटफॉर्म, मार्गदर्शन और पहचान की जरूरत है.वहीं सीआईएमपी के सीईओ कुमोद कुमार भी मौजूद थे. उन्होंने कहा की हमारे पास टैलेंट और आइडियाज़ हैं, लेकिन अब तक एक संरचित सिस्टम की कमी थी. ये पहल उस खामी को भर सकती है.




### बीएमसीजीएल की तीसरी बोर्ड बैठक संपन्न

बिहार इंटीग्रेटेड विनिर्माण नगर गया लिमिटेड (बीआईएमसीजीएल) की तीसरी बोर्ड बैठक बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (बियाडा) के प्रबंध निदेशक एवं बीआईएमसीजीएल के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई. बैठक में अमृतसर-कोलकाता औद्योगिक गलियारे के अंतर्गत विकसित किए जा रहे गया एकीकृत विनिर्माण समूह परियोजना की प्रगति की समीक्षा की गई. परियोजना को उच्च गुणवत्ता वाली आधारभूत संरचना, निवेश अनुकूल वातावरण एवं सुशासन के माध्यम से रोजगार व आर्थिक प्रगति का केंद्र बनाने का संकल्प दोहराया गया. परियोजना प्रबंधक की नियुक्ति तथा निर्माण प्रक्रिया हेतु निविदा दस्तावेजों को अंतिम रूप देने के प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई. मास्टर योजना को राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास निगम द्वारा स्वीकृति उपरांत अधिसूचित किया जाएगा. बैठक में समयबद्ध कार्यान्वयन और सतत निगरानी हेतु अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा की गई.

**PATNA CALLING!**

बिहार आइडिया फेस्टिवल को लेकर आप अपनी राय भी यहां खुलकर शेयर कर सकते हैं.

9123281020

# सभी जिलों में तैयार होंगे युवा उद्यमी



मौर्या लोक स्थित बी-हब में शुक्रवार को प्रेसवार्ता करते उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा। साथ में योरस्टोरी मीडिया की सीईओ श्रद्धा शर्मा, सीआईएमपी के निदेशक प्रो. राणा सिंह व अन्य।

**पटना, मुख्य संवाददाता।** बिहार में नई स्टार्टअप क्रांति की शुरुआत हो चुकी है। बिहार आइडिया फेस्टिवल' और 'बिहार आइडिया यात्रा' इसे तेजी देगी। शुक्रवार को मौर्या लोक स्थित बी-हब में प्रेस कॉन्फ्रेंस में उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने 'बिहार आइडिया फेस्टिवल' की औपचारिक घोषणा के दौरान ये बातें कहीं।

उद्योग मंत्री ने कहा कि चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना (सीआइएमपी), उद्योग विभाग और योरस्टोरी मीडिया के संयुक्त प्रयास से राज्य के सभी जिलों में युवा उद्यमी तैयार किए जाएंगे। इस यात्रा का उद्देश्य ग्रामीण, अर्ध-शहरी और शहरी बिहार के युवाओं, महिलाओं और नवाचारकर्ताओं को एक साझा मंच प्रदान कर उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ाना है। बिहार आइडिया यात्रा 45 दिनों की एक गतिशील और सघन यात्रा होगी, जो सभी 38 जिलों में जाकर नवाचार की खोज करेगी। इस दौरान एक विशेष स्टार्टअप डिस्कवरी बस यात्रा निकाली जाएगी जो कॉलेजों, कारीगर समूहों, महिला उद्यमियों और ग्रामीण युवाओं से संवाद करेगी। उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने बताया कि बिहार में पंजीकृत स्टार्टअप की संख्या 2024 में जहां 586 थी, वह अब बढ़कर 1,522 हो गयी है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में योरस्टोरी मीडिया की संस्थापक एवं सीईओ श्रद्धा शर्मा ने कहा कि बिहार के उद्यमियों को स्टोरीटेलिंग, मीडिया विजिबिलिटी और सलाह के जरिये समर्थन देंगी। सीआइएमपी के निदेशक प्रो राणा सिंह और सीआईएमपी-बीआईआईएफ के सीईओ व टाई पटना के अध्यक्ष कुमोद कुमार ने भी संबोधित किया। सीआईएमपी के मुख्य प्रशासनिक पदाधिकारी कुमोद कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

Hindustan ! Page No- 12 ! Date - 14-06-2025 !

# फेस्टिवल से चुने जाएंगे 10 हजार आइडिया

जागरण संवाददाता, पटना : नवाचार में युवा आगे बढ़ रहे है। यहां के लोगों में काफी क्षमता है, उन्हें अवसर देने की जरूरत है। बिहार में एक वर्ष में स्टार्टअप 586 से बढ़कर 1522 हो हो गए हैं। 'बिहार आइडिया फेस्टिवल' और 'बिहार आइडिया यात्रा' के माध्यम से राज्य भर से 10 हजार आइडिया को चुना जाएगा। ये बातें उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहीं।

वह शुक्रवार को मौर्यालोक परिसर में स्थापित बी-हब में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट पटना (सीआइएमपी), उद्योग विभाग बिहार सरकार और योरस्टोरी मीडिया के संयुक्त प्रयास से होने वाले बिहार आइडिया फेस्टिवल को लेकर बताया कि इसमें से चयनित आइडिया को मानक पर खरा उतरने पर उन्हें बिहार स्टार्टअप नीति से भी लाभान्वित किया जाएगा। नीतीश मिश्रा ने कहा कि यहां से भी यूनिकार्न स्टार्टअप निकलने चाहिए, जो देश-विदेश में अपनी पहचान दिला सकें। योरस्टोरी मीडिया की

## बिहार आइडिया फेस्टिवल

- बेहतर आइडिया को बिहार स्टार्टअप नीति से सहयोग देगा उद्योग विभाग
- बोले मंत्री : बी-हब के स्पेस को बनाया जाएगा बेहतर, और जगह भी उपलब्ध कराई जाएगी

संस्थापक एवं सीइओ श्रद्धा शर्मा ने कहा कि बिहार के उद्यमियों को स्टोरीटेलिंग, मीडिया विजिबिलिटी और सलाह के जरिए समर्थन देंगी। बिहार की बेटी हैं और हर जिले से यूनिकार्न स्टार्टअप निकलने चाहिए, यही सपना है। इस यात्रा का समापन 'बिहार आइडियाज फेस्टिवल' में होगा, जहां स्टार्टअप्स अपने नवाचारों को निवेशकों, नीति निर्माताओं और राष्ट्रीय स्तर के लीडर्स के सामने प्रस्तुत करेंगे। मौके पर सीआइएमपी के निदेशक प्रो. राणा सिंह, सीईओ कुमुद कुमार भी थे।

**10 हजार स्टार्टअप का लक्ष्य:** बिहार आइडिया यात्रा 45 दिनों की एक गतिशील और सघन यात्रा होगी, जो सभी 38 जिलों में जाकर नवाचार की खोज करेगी। इस दौरान एक विशेष स्टार्टअप डिस्कवरी बस यात्रा निकाली जाएगी जो कालेजों, कारीगर समूहों, महिला उद्यमियों और ग्रामीण युवाओं से संवाद करेगी। इस यात्रा का उद्देश्य दस हजार संभावित स्टार्टअप्स को तैयार करना और एक लाख से अधिक विचारों को पहचानना है। सीआइएमपी-बीआइआइएफ इस अभियान का नेतृत्व करेगा। जिला स्तर पर स्टार्टअप सेल, डीआइसी, एमएसएमइ और केवीआइसी के साथ समन्वय करेगा। वहीं, योरस्टोरी इस अभियान को राष्ट्रीय मंच देगा। 50 हाइ-पोटेंशियल स्टार्टअप्स की कहानियों को डिजिटल माध्यम से देश-दुनिया तक पहुंचाएगा।

**बिजली ने किया निराश, सीढ़ी से पहुंचे बी-हब:** संवाददाता सम्मेलन के लिए पहुंचे नीतीश मिश्रा को बिजली ने निराश कर दिया। इस कारण लिफ्ट नहीं चलने से सीढ़ी से ही पांचवे तल पहुंचे। उन्होंने कहा कि मौर्यालोक परिसर का रखरखाव करने वाले लोगों को इस पर ध्यान देना चाहिए। बैकअप व्यवस्था देने की जरूरत है। बी-हब के वर्किंग स्पेस को बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा।



उद्योग विभाग और चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान की ओर से आयोजित प्रेस वार्ता में मंत्री नीतीश मिश्रा, निदेशक राणा सिंह, कुमुद सिंह एवं श्रद्धा शर्मा ● जागरण

Dainik Jagran, Jagran City ! Page No - 02 ! Date - 14-06-2025 !

**स्टार्टअप क्रांति** • सीआईएमपी और उद्योग विभाग की ओर से पहल, सभी जिलों से स्टार्टअप आइडिया लिये जाएंगे

# बिहार आइडिया फेस्टिवल में 10 हजार स्टार्टअप का लक्ष्य

एजुकेशन रिपोर्टर | पटना

'बिहार आइडिया फेस्टिवल में 10 हजार स्टार्टअप का लक्ष्य है। इसमें सरकार सहयोग करेगी। नई स्टार्टअप क्रांति की शुरुआत के लिए सभी जिलों से स्टार्टअप आइडिया लिए जाएंगे। शुक्रवार को मौर्य लोक स्थित बी-हब में एक संवाददाता सम्मेलन में 'बिहार आइडिया फेस्टिवल' और 'बिहार आइडिया यात्रा' की औपचारिक घोषणा की गई। चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना (सीआईएमपी), उद्योग विभाग बिहार सरकार और योर-स्टोरी मीडिया के संयुक्त प्रयास से इसकी शुरुआत की गई है। इस यात्रा का उद्देश्य ग्रामीण, अर्ध-शहरी और शहरी बिहार के युवाओं, महिलाओं और नवाचारकर्ताओं को एक साझा मंच प्रदान कर उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ाना है।

उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने इस मौके पर कहा कि बिहार स्टार्टअप से जाना जाए। यहां से भी यूनिकॉर्न स्टार्टअप निकलने चाहिए, जो देश-विदेश में अपनी पहचान दिला सकें। पंजीकृत स्टार्टअप की संख्या 586 थी, वह अब बढ़कर 1,522 हो गयी है। उन्होंने बताया कि बिहार में पंजीकृत स्टार्टअप की संख्या 2024 में जहां 586 थी, वह अब बढ़कर 1,522 हो गई है। उन्होंने 'बिहार इनोवेशन बोर्ड' के शुभारंभ की भी जानकारी दी, जिसे अब तक 1700 से ज्यादा विचार प्राप्त हो चुके हैं। उन्होंने नीति निर्माण में युवाओं की भागीदारी के लिए सुझाव आमंत्रित करते हुए कहा कि यह यात्रा केवल पहल नहीं, बदलाव की नींव है।

योर-स्टोरी मीडिया की संस्थापक एवं सीईओ श्रद्धा शर्मा ने कहा कि बिहार के उद्यमियों को स्टोरी टेलिंग, मीडिया विजिबिलिटी और सलाह के जरिये समर्थन देंगी। बिहार के हर जिले से यूनिकॉर्न स्टार्टअप निकलने चाहिए, यही मेरा सपना है। इस यात्रा का समापन 'बिहार आइडियाज फेस्टिवल' में होगा, जहां स्टार्टअप अपने नवाचारों को निवेशकों, नीति निर्माताओं और राष्ट्रीय स्तर के लीडर्स के सामने प्रस्तुत करेंगे। इसका उद्देश्य बिहार को देश के स्टार्टअप मानचित्र पर मजबूती से स्थापित करना है।

## सभी 38 जिलों से 1 लाख इनोवेटिव आइडिया की तलाश



बिहार आइडिया यात्रा 45 दिनों की एक गतिशील और सघन यात्रा होगी, जो सभी 38 जिलों में जाकर नवाचार की खोज करेगी। इस दौरान एक विशेष स्टार्टअप डिस्कवरी बस यात्रा निकाली जाएगी जो कॉलेजों, कारीगर समूहों, महिला उद्यमियों और ग्रामीण युवाओं से संवाद करेगी। इस यात्रा का उद्देश्य है 10 हजार संभावित स्टार्टअप को तैयार करना और एक लाख से अधिक विचारों को पहचानना है। सीआईएमपी-बीआईआईएफ इस अभियान का नेतृत्व करेगा और जिला स्तर पर स्टार्टअप सेल, डीआईसी, एमएसएमई और केवीआईसी के साथ समन्वय करेगा। वहीं, योर-स्टोरी न केवल इस अभियान को राष्ट्रीय मंच देगा, बल्कि 50 हाई-पोटेंशियल स्टार्टअप की कहानियों को डिजिटल माध्यम से देश-दुनिया तक पहुंचायेगा। इस मौके पर सीआईएमपी के निदेशक प्रो राणा सिंह और सीआईएमपी-बीआईआईएफ के सीईओ व टाई पटना के अध्यक्ष कुमोद कुमार भी मौजूद थे।

Dainik Bhaskar ! Page No - 04 ! Page No - 14-06-2025 !

# A Bold 45-Day Journey to Spark Startups across Rural Bihar



OUR CORRESPONDENT

PATNA: On 13 June 2025, a significant press conference was held at BHUB, Maurya Lok, Patna, to announce the launch of the Bihar Ideas Festival, a statewide initiative aimed at fostering entrepreneurship and innovation across Bihar. The event was jointly organized by the Chandragupt Institute of Management Patna, the Department of Industries, Government of Bihar. The press conference was addressed by esteemed dignitaries including Shri Nitish Mishra, Hon'ble Minister, Department of Industries, Government of Bihar; Ms. Shradha Sharma, Founder & CEO, YourStory Media; Prof. (Dr.) Rana Singh, Director, Chandragupt Institute of Management Patna (CIMP); and Shri Kumod Kumar, CEO, CIMP & President, TiE Patna. The Bihar Ideas Yatra is a dynamic 45-day journey designed to ignite the entrepreneurial spirit in every district of Bihar, with a special focus on women, rural youth, a

Morning India ! Page No - 03 ! Date - 14-06-2025 !

# बिहार आइडिया यात्रा की हुई घोषणा, 45 दिनों में स्टार्टअप क्रांति लायेगा अभियान

पटना (आससे)। बिहार में स्टार्टअप और नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए एक ऐतिहासिक पहल के तहत 'बिहार आइडिया यात्रा' की शुरुआत की गई। 45 दिनों तक चलने वाली इस राज्यव्यापी यात्रा की घोषणा पटना के मौर्य लोक स्थित बीएचयूबी परिसर में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में की गई। यह अभियान उद्योग विभाग, बिहार सरकार; चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना (ष्ट्रढ्ढरूक्क); और योरस्टोरी मीडिया के संयुक्त प्रयास से शुरू हुआ है। इस अवसर पर उद्योग मंत्री श्री नीतीश मिश्रा, योरस्टोरी मीडिया की संस्थापक एवं सीईओ श्रद्धा शर्मा, CIMP के निदेशक प्रो. राणा सिंह तथा CIMP-BIIF के सीईओ और ञ्जढ्ढश्व पटना के अध्यक्ष कुमोद कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

**10,000 नये स्टार्टअप का लक्ष्य**

बिहार आइडिया यात्रा का उद्देश्य है ङ्क राज्य के हर जिले में उद्यमशीलता की भावना को बढ़ावा देना और 10,000 नए स्टार्टअप्स को सक्षम बनाना। महिलाओं, युवाओं और ग्रामीण इनोवेटर्स को इस अभियान का विशेष केंद्रबिंदु बनाया गया है।

Aaj !
Page No - 11 !
Date- 14-06-2025 !

# 'Ideas Yatra' to identify 1L startup concepts in state

Surbhi | TNN

**Patna:** The Bihar Ideas Festival was launched on Friday during jointly by the department of industries, the Chandragupta Institute of Management Patna (CIMP) and a startup.

The flagship event – the Bihar Ideas Yatra – is a 45-day campaign aimed at nurturing entrepreneurial spirit in every district with special focus on women, rural youth and aspiring innovators. The mission is to enable the creation of 10,000 new enterprises across the state by selecting promising ideas, offering mentorship, building investor linkages and facilitating access to seed funds under the Bihar Startup Policy 2022.

Industries minister Nitish Mishra announced the launch of the Bihar Innovation Board, which has already received 1,700 innovative ideas. "The number of registered startups in Bihar has nearly tripled – from 586 in 2024 to 1,522 today," he said.

He invited the public to suggest policy reforms during the yatra and assured that seed funds, micro-initiatives and investor linkages would be implemented.

Shradha Sharma, founder and CEO of the startup, stressed the importance of taking entrepreneurial opportunities beyond Patna. "We must include every woman, youth and dreamer in the state's progress," she said. Now onboarded as a mentor at CIMP, Sharma will assist emerging founders through visibility, mentorship and storytelling.

CIMP director Rana Singh highlighted the institution's role in guiding entrepreneurs. "We are committed to mentoring young innovators and providing them the tools to transform ideas into viable businesses," he said.

A highlight of the festival is the 38-District Startup Discovery Bus Yatra, which will gather over 1 lakh raw ideas from students, artisans, women entrepreneurs and micro-enterprises. The campaign will be supported by local networks including college e-cells, District Industries Centres (DICs), KVIC and MSME offices.

Pramod Sharma



State industries minister Nitish Mishra addresses a press conference in Patna

Times of India !
Page No - 03 !
Date - 14-06-2025 !